# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती

E-mail: dfonnagar-forest-uk@nic.in Telefax- 0135-2442052


पत्रांक सं0: 2138 /12–1 दिनांक 13 / 02 /2023

सेवा में,

**अधिशासी अभियन्ता,**
**अस्थाई खण्ड,लोक निर्माण विभाग,**
**श्रीनगर, मु0 –कीर्तिनगर ।**

**विषय :–** जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग के विकास खण्ड कीर्तिनगर के अन्तर्गत चिलेड़ी मणजुली मोटर के कि0मी0 6 हे0मी0 2–4 से चौरीखाल सिरवाड़ी–काण्ड़ा मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य की वनभूमि पत्रावली प्रेषण के सम्बन्ध में।

**सन्दर्भ :–** आपका पत्रांक 134 / 33 सी0 दिनांक 24 / 01 / 2023

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के माध्यम से भारत सरकार द्वारा दिनांक 04.10.2022 को विषयक प्रस्ताव में जारी कमियों का निराकरण कर इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है, जिसका अवलोकन करने के उपरान्त प्रस्ताव में निम्नलिखित कमियॉ परिलक्षित हो रही है :–

**1.** आपके द्वारा जियो रेफरेन्स मानचित्र में दर्शित बिंदु सं0–10 में लमधारगॉव एवं बिंदु सं0–12 में सिरवाड़ी के उपग्राम का लाभान्वित होने का उल्लेख किया गया है,परंतु प्रेषित वन भूमि हस्तान्तरण में तथा ऑनलाईन परिवेश पोर्टल के भाग–1 में कही भी उक्त ग्रामों का उल्लेख नही किया गया है। कारण स्पष्ठ करें एवं उक्त ग्रामो को प्रस्ताव में सम्मिलित करने हेतु आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराऐं।

**2.** बिंदु सं0–2 के अनुपालन में अवनत वन भूमि में 02 है0 की वनीकरण योजना वन क्षेत्राधिकारी कीर्तिनगर से प्राप्त कर के0एम0एल0 फाईल एवं डिजिटल मानचित्रों सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराऐं ।

अतः उपरोक्तानुसार प्रस्ताव संशोधित कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करे। जिससे प्रस्ताव पर अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जा सके ।

**प्रभागीय वनाधिकारी,**
**नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती।**

संख्याः– 2138 / 12-1 **दिनांकित।**

प्रतिलिपि :– वन क्षेत्राधिकारी कीर्तिनगर राजि को सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कि वनीकरण हेतु 02 हे0 अवनत वन भूमि का चयन कर क्षेत्र का विवरण एवं वनीकरण योजना सहित प्रयोक्ता अभिकरण को एवं इस कार्यालय को उप प्रभागीय वन अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करना सुनिश्चित करें।

**प्रभागीय वनाधिकारी,**
**नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती।**

o/c